राधा का जादू चल गया | By Mukesh Bagda

परियों जैसा रूप देख कान्हा का मनवा खिल गया
राधा का जादू चल गया, राधा का जादू चल गया

ये भोला मासूम सा चेहरा उस पर तेरे गोर गाल
जिसने ऐसा रूप रचाया उस मालिक ने किया कमाल
हौले से मुस्काना तेरा संवारिये को छल गया
राधा का जादू चल गया, राधा का जादू चल गया

पानी भरने ओ पनिहारिन पनघट पे जो तू आई
रस्ते में घनश्याम खड़ा था नज़रे उससे टकराई
नैनो के खंजर से तूने कान्हा को घायल को किया
राधा का जादू चल गया, राधा का जादू चल गया

होश हवास भुलाये सारे गाय चराना भूल गया
राधे तुझमे ऐसा खोया बंसी बजाना भूल गया
हर्ष कहे जन्मो का साथी आज श्याम को मिल गया
राधा का जादू चल गया, राधा का जादू चल गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-mukesh-bagda-3/